# कोई भी पात्र व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में न छूटे : संभागायुक्त तिवारी

नवभारत न्यूज

**बैतूल, 26 दिसंबर. संभागायुक्त नर्मदापुरम एवं रोल ऑब्जर्वर कृष्ण गोपाल तिवारी ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट बैतूल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 को लेकर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा बैठक की।**

**विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की समीक्षा**

**बैठक में जनप्रतिनिधिगण भी रहे मौजूद**

बैठक में केंद्रीय राज्यमंत्री जनजातीय कार्य दुर्गादास उईके, विधायक भैंसदेही महेंद्र सिंह चौहान, विधायक मुलताई चंद्रशेखर देशमुख, विधायक आमला डॉ.योगेश पंडाग्रे, विधायक घोड़ाडोंगरी श्रीमती गंगाबाई उईके, जिला अध्यक्ष भाजपा सुधाकर पवार, जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर बैतूल नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी सहित प्रशासनिक अधिकारी तथा भारतीय जनता पार्टी, इंडियन नेशनल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और बहुजन समाजवादी पार्टी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। संभागायुक्त श्री तिवारी ने निर्देश दिए कि प्रारूप मतदाता सूची में जिन मतदाताओं की मैपिंग नहीं हुई है, उन्हें 23 दिसंबर से 14 फरवरी के बीच निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी कर गंभीरता से निराकरण किया जाए। बीएलओ द्वारा दो प्रतियों में नोटिस तामील कराते हुए 7 दिवस में निर्धारित 13 प्रकार के दस्तावेजों के आधार पर सत्यापन कर नाम जोड़ने/हटाने की



कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। नो मैप मतदाताओं की सुनवाई की फोटो अपलोड कर दो प्रतियों में आदेश जारी करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि आवश्यक दस्तावेजों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, ताकि कोई भी पात्र मतदाता सूची से वंचित न रहे। ईआरओ/एईआरओ के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट तथा द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, म.प्र., भोपाल के समक्ष की जा सकेगी।

**प्रारूप सूची व उपलब्धता :** संयुक्त कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मकसूद अहमद ने बताया कि 4 नवम्बर से 18 दिसम्बर तक चले गणना चरण के बाद 23 दिसम्बर को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया, जो जिले की पाँचों विधानसभा क्षेत्रों में ईआरओ/एईआरओ कार्यालयों तथा सभी 1758 मतदान केन्द्रों पर उपलब्ध है। 23 दिसम्बर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक आम नागरिक नाम जोड़ने, प्रविष्टि संशोधन या विलोपन हेतु दावे-आपत्तियां प्रस्तुत कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन तथा ऑफलाइन आवेदन बीएलओ के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

**राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील :** मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से सुझाव आमंत्रित किए गए और उनकी समस्याओं पर भी चर्चा की गई। रोल आब्जर्वर ने कहा कि सभी दावे आपत्ति और निराकरण चरण में सक्रिय सहयोग करे। प्रारूप-6, 7 और 8 के माध्यम से पात्र मतदाताओं के नाम जोड़ने/ हटाने/ संशोधन में नागरिकों को सहयोग देने तथा प्रारूप-6 एवं 8 के साथ घोषणा पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कराने का आग्रह किया गया। बैठक में रोल ऑब्जर्वर ने सभी दलों से सुझाव भी लिए और नए मतदान केन्द्रों पर बीएलए शीघ्र नियुक्त करने का अनुरोध किया। निर्वाचन आयोग द्वारा दस्तावेजों की एक सांकेतिक सूची भी जारी की गई है, जिनमें केंद्र अथवा राज्य सरकार या सार्वजनिक उपक्रम द्वारा जारी पहचान पत्र, पेंशन भुगतान आदेश सहित अन्य प्रमाण-पत्र शामिल हैं।

**जिले में मतदाताओं की स्थिति**

प्रारूप प्रकाशन में कुल 11,95,558 मतदाता शामिल हैं, जिनमें 6,09,515 पुरुष, 5,86,027 महिला तथा 16 अन्य मतदाता हैं। 6,995 मतदाता नो-मैपिंग में चिन्हित हुए हैं। वहीं 62,737 मतदाता (अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत, रिपीट) को चिन्हित कर प्रारूप सूची में शामिल नहीं किया गया है। इनकी सूचियां ग्राम पंचायत/नगर निकाय कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर तथा सीईओ वेबसाइट एवं एनआईसी बैतूल साइट पर उपलब्ध कराई गई हैं। प्रारूप मतदाता सूची पर दावे-आपत्तियां 23 दिसंबर 2025 से 22 जनवरी 2026 तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे। जिनका निराकरण 14 फरवरी 2026 तक जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को होगा।

**नो मैप मतदाताओं के लिए आवश्यक दस्तावेज**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 के तहत ऐसे मतदाता जिनका नाम पिछले एसआईआर में उपलब्ध नहीं है, जिनकी मैपिंग नहीं हुई है अथवा जिनका विवरण डेटाबेस से मेल नहीं खाता है, उन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया जाएगा। नोटिस प्राप्त होने पर संबंधित मतदाताओं को निर्धारित श्रेणियों के अनुसार आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। निर्देशों के अनुसार, मतदाताओं से जन्म तिथि एवं जन्म स्थान के आधार पर दस्तावेज मांगे जाएंगे। यदि किसी मतदाता का जन्म 01 जुलाई 1987 से पूर्व भारत में हुआ है, तो उन्हें स्वयं की जन्म तिथि अथवा जन्म स्थान से संबंधित प्रमाण प्रस्तुत करना होगा। वहीं 01 जुलाई 1987 से 02 दिसंबर 2004 के बीच जन्मे मतदाताओं को स्वयं के साथ-साथ पिता या माता के जन्म तिथि अथवा जन्म स्थान का प्रमाण देना होगा। 02 दिसंबर 2004 के बाद भारत में जन्मे मतदाताओं को स्वयं, पिता एवं माता के जन्म से संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने होंगे। यदि माता-पिता में से कोई भारतीय नागरिक नहीं है, तो जन्म के समय उनके वैध पासपोर्ट एवं वीजा की प्रति भी देना अनिवार्य होगी।

## एक नजर में

### भौंरा के स्कूलों में वीर बाल दिवस मनाया गया

**भौंरा।** वीर बाल दिवस बालक हायर सेकेंडरी स्कूल एवं अन्य शिक्षण संस्थानों में वीर साहब जोरावर और फतेह सिंह की शहादत को याद कर उनकी स्मृति में उनके संस्मरण और उनकी वीरता और शहादत के बारे में विस्तार से बताया गया। उन्होंने धर्म की रक्षा को सर्वोपरि मानते हुए मुगल शासको के समक्ष अपना बलिदान दे दिया। इस स्मृति को याद कर और उनकी वीरता को छात्र-छात्राओं के समक्ष रखकर धर्म निष्ट और कर्तव्यनिष्ठ होने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर बालक हायर सेकेंडरी स्कूल भौंरा में मनाया गया। शिक्षक शिक्षिका गण उपस्थित रहे हैं। नमितामेहरोत्रा पंकज मालवीय एस एन बारसे राजेश्वरी दुबे रीना उईके विवेक गौतम लता परते सहित अन्य उपस्थित रहे।

### दो बाइको में भिड़ंत, 2 घायल

**मुलताई।** नेशनल हाईवे बैतूल नागपुर रोड पर परमंडल हवेली के पास शुक्रवार दोपहर करीब 12 बजे के दो बाइको में भि?त हो जाने से 2 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे नगर के सरकारी अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है। बताया जाता है वरु? निवासी शक्ति पिता नगीना सिंह बैतूल सें मुलताई की ओर आ रहा था, वही झिल्पा निवासी हेमराज पिता शिवजी रांग साइड से बैतूल की ओर जा रहा था इस दौरान दोनों की बाइक में आमने सामने की टक्कर हो गई। जिसमे दोनों घायल हो गए . जिन्हे एम्बुलेंस से उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया।प्राथमिक उपचार के बाद भी झिल्पा निवासी हेमराज की हालत गंभीर होने से जिला चिकित्सालय बैतूल रेफर किया गया है।

### देव भिलाई स्कूल की टीम ने जीती प्रतियोगिता

**मुलताई।** जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शासकीय माध्यमिक शाला देवभिलाई की छात्र-छात्राओं ने पिट्ठू प्रतियोगिता में भाग लिया था। जिसमें छात्रो की टीम उपविजेता एवं छात्राओं की टीम जिले प्रथम स्थान प्राप्त कर पिट्ठू प्रतियोगिता में विजेता रही। टीम की कप्तान मुक्ता पाटील, वैष्णवी गाठे, उपासना गाठे, विधि बोहरपी,आँचल उइके, भाग्य श्री,श्रुष्टि पाटिल ने हिस्सा लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

## 5 दिवसीय लाइफ चेंजिंग कार्यक्रम में उमड़ रही बड़ी संख्या में भीड़

**मुलताई। ब्रह्माकुमारीज़ मुलताई द्वारा ग्राम प्रभातपटन में पाँच दिवसीय लाइफ चेंजिंग प्रोग्राम खुशियों से खिलखिलाता जीवन, महक उठेगा घर आंगन आयोजित किया गया है, कार्यक्रम के पहले दो दिनों में ही लोगों में उत्साह, शांति और सकारात्मक सोच का अनुभव स्पष्ट रूप से देखने को मिल रहा है।**




सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मालती दीदी ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को बाहरी परिस्थितियों से ऊपर उठाकर आंतरिक खुशी और मानसिक सशक्तता की अनुभूति कराना है। उन्होंने कहा पहले दो दिनों में बड़ी संख्या में लोगों की सहभागिता यह दर्शाती है कि समाज को ऐसे आध्यात्मिक एवं जीवन परिवर्तनकारी कार्यक्रमों की अत्यंत आवश्यकता है।कार्यक्रम की मुख्य वक्ता राजयोग शिक्षिका एवं प्रेरक वक्ता ब्रह्माकुमारी नेहा दीदी सिवनी ने अपने सारगर्भित प्रवचनों के माध्यम से आत्मचिंतन, क्षमा, सकारात्मक दृष्टिकोण एवं ईश्वर से संबंध जोड़ने जैसे विषयों पर गहन मार्गदर्शन प्रदान किया। उनके सरल, प्रभावी और जीवन से जुड़े उदाहरणों ने श्रोताओं को गहराई से प्रभावित किया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने बताया दो ही दिनों में मन की अशांति कम हुई है, सोच में स्पष्टता आई है और जीवन को नए दृष्टिकोण से देखने की प्रेरणा मिली है। उक्त कार्यक्रम 27 दिसंबर 2025 तक प्रतिदिन शाम 6.30 से 8.30 बजे देशमुख मोहल्ला, छोटे हनुमान मंदिर के पास, प्रभात पट्टन में जारी रहेगा। इस अवसर पर बीके स्वाति बहन ने अधिक से अधिक नागरिकों से कार्यक्रम में सम्मिलित होकर इस सकारात्मक परिवर्तन का लाभ उठाने का आग्रह किया है।

## जिला उपाध्यक्ष ने वृद्धा आश्रम में मनाया जन्मदिन

**सारनी।** अंतर्राष्ट्रीय मानव संगठन के उपाध्यक्ष एवं समाजसेवी कृष्णा कुमार साहू ने अपना जन्मदिन वृद्धा आश्रम मे धूमधाम से मनाया। सारणी के वृद्धाश्रम में वृद्धा लोग को ठंड को देखते हुए सभी वृद्धो को कंबल उड़ा कर भोजन के फल फरूट बाट कर भगवान से उनके स्वास्थ्य की प्रार्थना की। दीनदयाल रसोई में गरीबों को निशुल्क भोजन करने के बाद आठवां मिल पर मातोश्री वृद्धा आश्रम में वृद्धो के स्वास्थ्य की जानकारी ली एवं उनके साथ केक काटकर जन्मदिन धूमधाम के साथ मनाया। इस मौके पर कृष्णा साहू ने कहा कि हमारे समाज में वृद्ध लोगों



को दोयम दर्जे के व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। देश में तेजी से सामाजिक परिवर्तनों का दौर चालू है और इस कारण वृद्धा की समस्याएं विकराल रूप धारण कर रही है, उन्होंने कहा कि हमारे धर्म में जो तो माता-पिता को सबसे ऊंचा दर्जा प्राप्त है। देवताओं में सर्वोच्च स्थान रखने वाले भगवान गणेश तक ने अपने माता-पिता के चारों ओर चक्कर लगाकर उन्हें पूरे संसार पूरा कहा था लेकिन आज की पीढ़ी मंदिरों में उसी गणेश की पूजा करती है और माता-पिता को वृद्धा आश्रमों में छोड़ती है। इस मौके पर वरिष्ठ नेता पीजे शर्मा, विधायक प्रतिनिधि श्री संजय अग्रवाल, अरविंद सोनी, शैलेश चौधरी, एडवोकेट जय शिंदे, अंतर्राष्ट्रीय मानव अधिकार संगठन के जिला अध्यक्ष सतीश बोरासी , जिला उपाध्यक्ष बंटी अग्रवाल , जिला संगठन मंत्री यमल शर्मा, सहित पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

## आरोप : कांग्रेस पार्षदों के वार्डों में नहीं हो रहे निर्माण कार्य

**मुलताई।** पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं कांग्रेस पार्षदो ने नगरपालिका प्रशासन पर विकास कार्यों में भेदभाव करने के आरोप लगाते हुए उनके वार्डो में तीन दिनों में निर्माण कार्य प्रारम्भ कराने की मांग की है। पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष एवं पार्षद नीतू परमार,उपाध्यक्ष शिव माहौरे,पार्षद अंजलि शिवहरे, निर्मला उबनारे द्वारा सौपे गए ज्ञापन में बताया कांग्रेस पार्षदो के वार्डो में नगरपालिका प्रशासन द्वारा विकास कार्यों मे भेद भाव किया जा रहा है। ताप्ती वार्ड,महावीर वार्ड, गांधी वार्ड, गुरुसाहब वार्ड, विवेकानंद वार्ड, आजाद वार्ड में निर्माण कार्यों के टेंडर होने को महीनो बीत जाने के बाद भी कार्य शुरू नहीं किए गए है, प्रतिबंध के बावजूद अवैध कालोनियों में सारे नियम कानूनों को तक पर रखकर सड़क एवं नाली निर्माण किए जा रहे है। कांग्रेस पार्षदो ने ताप्ती वार्ड में कलीराम के मकान से मनीष बंसोड के मकान तक,नारायण ठाकुर के मकान से आशीर्वाद लान तक, महावीर वार्ड में अरुण साहू के मकान से मंगल साहू के मकान तक सड़क एवं नाली निर्माण, अशोक टाकीज के पीछे रिटर्निंग वाल,जैन मंदिर के सामने पैवर ब्लॉक सड़क निर्माण, आजाद वार्ड में हाफ राउंड नाली निर्माण कार्य तीन दिवस में प्रारम्भ करने की मांग की है।

## धर्म की रक्षा के लिए साहेबजादों ने दिया बलिदान

**बैतूल।** जिला मुख्यालय के एकलव्य शासकीय आईटीआई संस्थान में वीर बाल दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता लायंस क्लब के पूर्व डिस्टिक गर्वनर परमजीत सिंह बग्गा ने कहा कि आज साहेबजादो की जीवनी का हिस्सा आपके बीच साझा करने पर मुझे गर्व होता है कि धर्म और राष्ट्र के लिए हिन्द की चादर के नाम से विख्यात गुरू तेगबहादूर सिंह जी की बलिदान की प्रथा आज भी बरकरार है। मुगलकाल मे जब औरंगजेब ने लोगो का धर्म परिवर्तन करवाना शुरू किया तब पीडित समाज के लोग तेगबहादूर सिंह जी से मिले




और अपनी पीडा से उन्हे अवगत कराया जिसके बाद तेगबहादूर सिंह जी पर भी धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया गया लेकिन तेगबहादूर सिंह जी ने अपना शीश कटवाया पर झुके नही। श्री बग्गा ने बताया कि जिसके बाद गुरू गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की। इससे नाराज होकर मुगल शासक ने गुरू गोविंद सिंह को एक किले में घेरने का प्रयास किया। जहां से शुभचिंतको ने गुरू गोविंद सिंह जी को सकुशल निकालने की बात कही। तब उनके दो साहेबजादें मुगलो से अजीत सिंह और जुझार सिंह ने चमकोर की लडाई लडते हुए अपने प्राणो की आहूती दी।

## स्व . अटल बिहारी वाजपेयी को भाजपा नेताओं ने दी श्रद्धांजलि

**सारनी।** भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को भाजपा नेताओं ने श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस अवसर पर अटल जी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की गई तथा उनके विचारों एवं राष्ट्रसेवा को स्मरण किया गया। इस मौके पर विजय शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहां कीअटल जी जैसे प्रखर वक्ता प्रधानमंत्री अब दोबारा नहीं मिल सकते। अटल जी ने देश एवं भाजपा के लिए जो अपना अमूल्य योगदान दिया है उसे कभी बुलाया नहीं जा सकता। नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने अपने उद्बोधन में अटल जी के दूरदर्शी नेतृत्व सुशासन राष्टीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति उनकी प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि अटल जी का जीवन कार्यकर्ताओं के लिए सदैव प्रेरणास्त्रोत रहेगा। मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने अपने संबोधन में अटल जी के आदर्शों को आत्मसात कर संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का आह्वान किया मंच संचालन मंडल महामंत्री विनय मदने एवं आभार प्रदर्शन मंडल मंत्री प्रकाश डेहरिया ने किया।

## फॉर्मर आईडी बनाने 1 से पंचायतों में लगेंगे शिविर

**बैतूल।** देश के किसानों के लिए भारत सरकार की ओर से कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इन योजनाओं का लाभ देश के सभी पात्र किसानों तक पहुंचे इसके लिए फार्मर रजिस्ट्री का काम किया जा रहा है। फार्मर रजिस्ट्री के अंतर्गत किसानों की डिजिटल आईडी बनाई जा रही है, जिससे कि किसानों को पारदर्शी माध्यम से इन सभी योजनाओं का लाभ मिल सके। ऐसे में जब किसान की डिजिटल आईडी बन जाएगी तो उसे एक साथ कई योजनाओं का लाभ मिलेगा। वर्तमान में बैतूल जिले में भी फार्मर रजिस्ट्री बनाने का कार्य किया जा रहा है। बैतूल कलेक्टर नरेन्द्र कुमार सूर्यवंशी के निर्देशानुसार 01 जनवरी 2026 से 15 फरवरी 2026 तक ग्राम

**कलेक्टर ने शिविर के सुचारू क्रियान्वयन के दिए निर्देश**

**फार्मर रजिस्ट्री से किसानों को लाभ**

पंचायतों में शिविरों का आयोजन कर किसानों की फॉर्मर आईडी बनवाने का कार्य राजस्व विभाग के राजस्व निरीक्षक एवं पटवारियों के सहयोग से स्थानीय युवा सर्वेयर द्वारा किया जाएगा। वर्तमान समय में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक है। राज्य एवं भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ सीधे पात्र किसानों को प्रदान करने के लिए फार्मर आईडी आवश्यक होगी। भविष्य में ई-विकास प्रणाली से उर्वरक वितरण एवं क्रय-विक्रय पंजीयन की प्रक्रिया में भी फार्मर आईडी आवश्यक होगी। फार्मर आईडी के माध्यम से सरकारी योजनाओं एवं सेवाओं तक पहुंच आसान हो सकेगी, पात्र किसान को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, अन्य योजनाओं में स्वत: जुडना सम्भव होगा।

## जेएच कॉलेज में एसडीईआरएफ ने दिया आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण

**बैतूल।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं गृह विभाग मप्र शासन के निर्देशों के पालन में शासकीय जयवंती हॉक्सर कॉलेज में गुरुवार 26 दिसंबर को आपदा से निपटने के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण प्लाटून कमाण्डर श्रीमती सुनीता पन्दरे के नेतृत्व में एसडीईआरएफ के जवानों द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के दौरान जवानों ने प्राकृतिक एवं मानव निर्मित आपदाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। जिले में संभावित बाढ़ आपदा, आग, भूकंप, प्राथमिक उपचार तथा वर्तमान में चल रही शीतलहर से



बचाव के उपायों को एक-एक कर समझाया गया। प्राथमिक उपचार के अंतर्गत पट्टी बांधने, घायलों को सुरक्षित तरीके से एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाने की आकस्मिक विधियों की जानकारी दी गई। स्ट्रेचर के उपयोग के साथ-साथ घरेलू संसाधनों से स्ट्रेचर तैयार करने का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। इसमें रस्सी, कंबल, बोरी, टी-शर्ट आदि से स्ट्रेचर बनाकर उसका उपयोग करना सिखाया गया। साथ ही आपात स्थिति में सीपीआर देने की विधि भी समझाई गई। बाढ़ आपदा के दौरान क्या करें और क्या न करें, इस पर विशेष जोर दिया गया। लाइफ जैकेट के उपयोग के साथ-साथ प्लास्टिक की बोतलों से अस्थायी लाइफ जैकेट बनाने तथा घरेलू सामान से राफ्ट तैयार करने की जानकारी दी गई। बांस की राफ्ट, कुंडी की राफ्ट, खाली ड्रम-पीपा, सूखी लकड़ियों के गट्ठे एवं चार पहिया वाहन के ट्यूब से राफ्ट बनाने के तरीके बताए गए। भूकम्प को एक आकस्मिक आपदा बताते हुए इसके दौरान सावधानियों की जानकारी दी गई। आग लगने की स्थिति में क्या करें और क्या न करें, किसी व्यक्ति के कपड़ों में आग लगने पर कम्बल से ढकने की विधि समझाई गई।

**अनियमितता** आदेश 2 अक्टूबर को, 31 अक्टूबर को ठेका कंपनी ने जमा की एसडी एवं बीजी

## आरोप : प्लांट में ट्रांसपोर्टर एवं अधिकारियों की मिलीभगत

**सारनी। सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारणी में कोल ट्रांसपोर्टर एवं अधिकारियों के बीच मिलीभगत होने से गंभीर वित्तीय अनियमिताएं उजागर हुई है।**

**वितीय अनियमितताएं हुईं उजागर**

**एसडी एवं बैंक गारंटी वापसी के बाद दिया एक्सटेंशन**

इतना ही नहीं कोल ट्रांसपोर्टर को सिक्योरिटी डिपाजिट एवं बैंक गारंटी वापसी के बावजूद भी एक्सटेंशन देने का मामला जोर पकड़ रहा है। मंडल सूत्रों ने बताया कि सीएचपी विभाग ने सलूजा



कंपनी को वर्क आर्डर क्रमांक 08/004 /39008/210049/646/ दिनांक 23/06/2022 के तहत तवा टू खदान से एक लाख 80 हजार मेट्रिक टन कोल ट्रांसपोर्टेशन का ठेका दिया था। उक्त कंपनी ने दो साल में कार्य को पूरा कर दिया। टेंडर की शर्तों एवं अनुबंध को पूरा करने के बाद सलूजा एंड कंपनी ने सिक्योरिटी डिपाजिट एवं बैंक गारंटी वापसी की मांग की। सीएचपी विभाग ने पत्र क्रमांक 505/1800/ दिनांक 31 जनवरी 2025 के तहत सलूजा कंपनी का सिक्योरिटी डिपाजिट एवं बैंक गारंटी 03/02/2025 को वापसी कर दी। सूत्रों ने कहा कि सलूजा कंपनी कि सभी औपचारिकता पूरी होने के बाद किस आधार पर सलूजा कंपनी को कार्य का एक्सटेंशन दिया गया। बताया जाता है कि सतपुड़ा पावर प्लांट के अधिकारियों ने आठ माह बाद सलूजा कंपनी को 01 अक्टूबर 2025 को ई मेल भेजकर 50 प्रतिशत अतिरिक्त एवं 180 दिन तवा टू खदान से कोयला ट्रांसपोर्टिंग के पूछा गया। अगले दिन 02 अक्टूर 2025 को कार्य के आदेश जारी भी कर दिया। सवाल यह उठता है कि बगैर एसडी एवं बैंक गारंटी के वर्क ऑर्डर कैसे दे दिया। सूत्रों ने कहा कि तवा टू खदान से करोड़ों रुपए की ट्रांसपोर्टिंग का कार्य बगैर सिक्योरिटी डिपाजिट एवं बैंक गारंटी के दिये जाने कि गलती महसूस होने पर 31 अक्टूबर 2025 को सलूजा कंपनी को मौखिक आदेश देकर तत्काल एसडी एवं बीजी जमा करने को कहा गया। सलूजा कंपनी ने एसडी एवं बीजी को जमा कर औपचारिकता पूरी की है। सवाल यह उठता है कि भारी वित्तीय अनियमिताए के लिए कौन

> पावर प्लांट को कोल ट्रांसपोर्टिंग एवं कोल वाशरी से कोयला आने के संबंध मे जानकारी लेता हूँ। मुझे इस बारे पता नहीं है।
>
> – **डीपी मिश्रा,** पीआरओ, सतपुडा थर्मल पावर प्लांट सारनी

## गुरुद्वारा सिंह सभा ने मनाया वीर बाल दिवस

**सारनी।** वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा सिंह सभा पाथाखेड़ा में सिख पंथ के दशम गुरु श्री गुरु गोविंद सिंह जी के वीर पुत्रों साहिबजादे श्री जोरावर सिंह जी एवं श्री फतेह सिंह जी की शहादत को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। इस अवसर को बाल दिवस के रूप में मनाते हुए भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ ज्येष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा गुरुद्वारा पहुंचकर माथा टेककर गुरु महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया गया। गुरुद्वारा सिंह सभा पाथाखेड़ा के ज्ञानी जी द्वारा वीर बालकों के शहीदी दिवस पर उनके त्याग साहस और बलिदान के इतिहास पर प्रकाश डाला गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार मात्र 9 एवं 6 वर्ष की अल्पायु में साहिबजादों ने मुगल आक्रांताओं के समक्ष अपने धर्म और



स्वाभिमान की रक्षा करते हुए अद्वितीय शहादत दी, जो आज भी संपूर्ण मानवता के लिए प्रेरणास्रोत है। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने अपने उद्बोधन में कहा कि वीर साहिबजादों का बलिदान राष्ट्र की आत्मा में साहस त्याग और धर्मनिष्ठा का प्रतीक है, वहीं भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के रूप में घोषित कर साहिबजादों की शहादत को चिरस्थायी सम्मान दिया गया है, जिससे देश की युवा पीढ़ी उनके आदर्शों से प्रेरणा ले सकेंगे.वीर बाल दिवस के अवसर पर गुरुद्वारा पाथाखेड़ा में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, जगदीश आहूजा, सुधा चंद्रा, रूपेंद्र चौहान, जीपी सिंह, भीम बहादुर थापा, गोलू राजपूत, विनय मदने, नन्हे सिंह, कीर्ति ठाकुर कार्यकर्ता उपस्थित हुए।